हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–110 : जौनपुर, मंगलवार 27 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट नें दिया बड़ा आदेश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश निकाय चुनावों को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला आ गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को झटका देते हुए निकाय चुनावों के लिए 5 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार को बगैर आरक्षण निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। अदालत का कहना है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट की तरफ से निर्धारित ट्रिपल टेस्ट ना हो, तब तक आरक्षण नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट ने 2017 के ओबीसी रैपिड सर्वे को नकार दिया है। यह निर्णय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर दाखिल 93 याचिकाओं पर एक साथ पारित किया। यूपी सरकार हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार की तरफ से निकाय चुनाव में किए गए ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें अब जनरल मानी जाएंगी। अदालत ने निकाय चुनाव तत्काल कराने के भी निर्देश दिए हैं। ओबीसी आरक्षण के लिए कमीशन बनाने का निर्देश हाईकोर्ट के 70 पेज के फैसले के बाद यूपी में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए यूपी सरकार एक कमीशन बनाए। अगर सरकार और निर्वाचन आयोग चाहे तो बगैर ओबीसी आरक्षण तुरंत ही चुनाव करा सकती है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद यूपी सरकार की तरफ से जारी ओबीसी आरक्षण नोटिफिकेशन रद हो गया है। अगर सरकार चुनाव कराती है तो ओबीसी सीटों को जनरल ही माना जाएगा। वहीं एससी और एसटी सीटों के लिए



सीटें पहले जैसी ही रहेंगी यानि उनमें कोई फेरबदल नहीं होगा। यूपी सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं था हाईकोर्ट पिछली सुनवाई 24 दिसंबर को हुई थी। सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने बताया था कि यूपी सरकार ने अपने हलफनामे में अपने एक्शन को डिफेंड किया कि जो हमने नोटिफिकेशन जारी किया है वो बिल्कुल सही तरीके से जारी किया है। लेकिन कोर्ट उनसे बहुत ज्यादा संतुष्ट नहीं थी। कोर्ट का कहना था कि आपने जो ये एक्सरसाइज की है उसका कोई डाटा नहीं है। बिना डाटा के ये एक्सरसाइज पूरी कैसे कर ली है। कोर्ट उनसे डाटा मांग रही थी लेकिन सरकार ने कोर्ट के समक्ष कोई डाटा प्रस्तुत नही किया है। नियमों के उल्लंघन को लेकर मामलों का दिया गया उदाहरण वकील ने बताया कि सुनवाई के दौरान पिछले चुनाव का हवाला दिया गया था। साथ ही कहा गया कि 2014 और 2017 के चुनाव में भी बहुत सारे नियमों का उल्लंघन हुआ था। इसको लेकर अदालत में बहुत से मामले भी आए थे। उन्होंने कहा कि उसी डाटा के आधार पर ये चुनाव भी कराने का प्रयास कर रहे हैं। इसी वजह से अदालत में चुनौती दी गई है।

## अपराध निरोधक कमेटी की तरफ से कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गरीबों एवं असहायों को कंबल वितरण का कार्य अपराध निरोधक कमेटी जलालपुर में जिला उप मंत्री एजाज अहमद एवं जलालपुर कमेटी अध्यक्ष राजेश सिंह के आयोजन में कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह को मूर्त रूप दिया गया,जिसके मुख्य अतिथि ओपी यादव (उपायुक्त रोजगार जौनपुर)एवं विशिष्ट अतिथि ममता यादव( जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर )व रमेश यादव थानाध्यक्ष जलालपुर रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता सोभना स्मृति द्वारा किया गया,जिसमें ओपी यादव एवं ममता यादव द्वारा विकट परिस्थिति में आम जनमानस किस तरह से छोटा–छोटा उद्योग लगाकर अपना जीवन यापन कर सकता है एवं अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकता है, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किस तरह से रोजगार किया जा सकता है जिसके बारे में विस्तार रूप से अवगत कराया गया एवं अपराध निरोधक कमेटी में निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ समाज की समस्याओं एवं उनके हक की लड़ाई लड़ने वाले लोगों को उपायुक्त द्वारा



सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया,जिसमें सर्वप्रथम गौराबादशाहपुर कमेटी के अध्यक्ष डॉ.जयसिंह राजपूत, मंत्री सुरेंद्र कुमार सोनकर एडवोकेट,सराय ख्वाजा अध्यक्ष राजबली यादव, तेजी बाजार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं जलालपुर कमेटी के तमाम लोगों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर जिला मंत्री धर्म नारायण उपाध्याय, उपमंत्री शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार पांडे, सलीम मास्टर एवं क्षेत्र की तमाम महिलाएं एवं पुरुष आदि लोग उपस्थित रहे,कार्यक्रम का कुशल संचालन मार्कंडेय तिवारी द्वारा किया गया।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस खनन कार्यालय एवं कार्यालय जिला अभिहित अधिकारी का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर (सू0वि0) – जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस, खनन कार्यालय एवं कार्यालय जिला अभिहित अधिकारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन कार्यालय बंद पाया गया जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खनन निरीक्षक को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। कार्यालय जिला अभिहित अधिकारी के निरीक्षण में वरिष्ठ सहायक सोहेल अख्तर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधीर राय अनुपस्थित मिले,जिन्हें स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नाजिर कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया है कि पोस्ट ऑफिस की छत मरम्मत, रंगाई पुताई के लिए प्रस्ताव भेजें। उन्होंने लेटर बॉक्स को बाहर लगाए जाने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन निरीक्षक अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं एवं ईट भट्टा नियमावली



एवं जिला अभिहित अधिकारी अपनी विभाग की योजनाओं को दीवारों पर लिखवाए जिससे अधिक से अधिक प्रचार हो और लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उक्त कार्यालयों में कार्यालय का नाम नहीं लिखे जाने पर भी नाराजगी जाहिर की और तत्काल लिखवाए जाने के निर्देश दिए गए। सभी से कहां की कार्यालय में अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख–रखाव अच्छे से किया जाए। कार्यालय में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

## ग्रामीण पुस्तकालय व सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को मिले बढ़ावा –शांडिल्य इं दुर्गेश

प्रतापगढ़ ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : कर्म ही पूजा व संघर्ष ही जीवन को अपना प्रेरणा वाक्य बनाने वाले समीक्षा अधिकारी शांडिल्य इं दुर्गेश ने श्रीमती पनाऊ देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय केवटली प्रतापगढ़ में उपस्थित छात्र –छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।नियमित अखबार पढ़ना,समयबद्ध नियमित पढ़ाई व सकारात्मक सोच,सही संगत को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक बताया।छात्रों से सीधा संवाद करके उनके प्रश्नों के जवाब भी दिए और प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब भी आपका मन पढ़ने में न लगे तो एक बार आप अपने माता –पिता का चेहरा याद कर लेना, उनके सपने को समझना और यह भी जानना कि कैसे सभी समस्याओं को झेलते हुए वो आपके सभी शौक पूरा करते हैं।नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहते हुए प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय परिवार द्वारा इं दुर्गेश का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम



का संचालन आचार्य शैलेश पाण्डेय ने किया व आभार प्रदर्शन प्रबंधक श्री राम लवट यादव जी द्वारा किया गया। इं सूरज यादव,राम शिरोमणि यादव,वीरेंद्र यादव,माता फेर यादव, मनोज यादव, प्रत्यूष शुक्ल, आशीष त्रिगुणायत, आशीष मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

## संस्था नियमित रूप से समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में अग्रणी रही –दिलीप सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरु गोविंद सिंह के साहबजादो की शहादत के दिवस पर ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जेसीआई जौनपुर ने राजेश स्नेह ट्रस्ट के दिव्यांग बच्चों को ऊनी वस्त्र, स्वेटर व जैकेट वितरित किया। संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा जरूरतमंद व दिव्यांग बच्चों को ठंड से बचाने के लिए ऊनी वस्त्र वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, संस्था नियमित रूप से समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में अग्रणी रही है और आगे भी इस प्रकार के कार्य जारी रहेंगे। पूर्व मंडल अध्यक्ष राधे रमण जयसवाल ने गरीब और दिव्यांग बच्चों में ऊनी वस्त्र वितरण को नेक व पुनीत कार्य बताया वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ जी ने मानवता की सेवा को जीवन का सर्वोत्तम कार्य बताते हुए उक्त कार्य की सराहना की। समाजसेवी उर्वशी सिंह ने कहा जेसीआई जौनपुर हमेशा इस तरह के सामाजिक कार्य करती रहती है तथा संस्था से हम लोगों को प्रेरणा मिलती रहती है। उक्त अवसर पर जोन अधिकारी धर्मेंद्र सेठ, पूर्व अध्यक्ष संदीप पांडे, राकेश जायसवाल संस्था उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सौरभ बरनवाल, दिलीप जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, आशुतोष





जायसवाल, राजेश स्नेह ट्रस्ट के संस्थापक राजेश जी, राम जी, राजेश गुप्ता, मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर मोहम्मद मुजम्मिल, अमित सिंह वरिष्ठ पत्रकार दीपक श्रीवास्तव ,अनुपम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था सचिव आकाश केसरवानी ने किया। कार्यक्रम निदेशक रंजीत सिंह सोनू ने सभी आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में एआरपी सिकरारा, सहायक अध्यापिका कंपोजिट विद्यालय करंजाकला पूजा गुप्ता, बीईओ ने शैक्षिक गुणवत्ता बढाने व नवाचार के संबंध के पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दी जिसे देखकर अधिकारियों ने सराहना की और कहा कि सहायक अध्यापिका पूजा गुप्ता से अन्य शिक्षक प्रेरणा ले। जिलाधिकारी ने सभी एबीएसए को निर्देश दिया कि बच्चो में लर्निंग स्किल डेवेलप करें। बेसिक निपुण लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करें। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जो भी कार्य कराए जाएं, गुणवत्तापूर्ण हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एबीएसए रूचि लेकर स्कूल भवनो की थीम बेस्ड रंगाई पुताई कराये और स्कूलों को आकर्षक बनाये। उन्होंने कहा कि ध्यान रखे कि इंटरलॉकिंग लगाते समय ध्यान दे कि स्कूल का मैदान खत्म न हों जाए। उन्होंने कहा कि जो पैसा अभिभावकों के खाते के भेजा गया है, उनसे स्वेटर, जूता मोजा खरीदवाना सुनिश्चित करें और अभिभावक नही खरीद रहे तो वसूली की नोटिस जारी करे। परिषदीय




विद्यालयों के बच्चे स्कूल में अच्छे से ड्रेस पहन कर ही आये। वाल पेंटिंग कराये जाने, बच्चो को ऑनलाइन लर्निंग विडिओ दिखाई जाए, जिससे बच्चों आसानी से सीख सकते है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे विद्यालय में नहीं उपस्थित हो रहे हैं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए अध्यापकगण प्रोत्साहित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जौनपुर के राकेश ने फिल्मी दुनिया में लगाया तिहरा शतक

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : राकेश मिश्र का तिहरा शतक क्रिकेट नहीं फिल्मी दुनिया में शतक पे शतक लगाने का कारनामा कर दिखाया है अभिनेता राकेश मिश्र ने उ.प्र.के जौनपुर जिले के ऊंचडीह गांव में जन्मे पले बढ़े राकेश को बचपन से ही अभिनय का बड़ा शौक था। अपने गांव की रामलीला में अपना अभिनय सफर शुरू करते हुए आज सिनेमा के रुपहले पर्दे और टीवी स्क्रीन पर चमक रहे हैं। भोजपुरी फिल्म त्रिनेत्र से फिल्मी दुनिया में कदम रखा



और टीवी सीरियल संकट मोचन हनुमान से राजमहल तक ३०० टीवी सीरियल में काम करने का गौरव हासिल किया है। इसके अलावा हिन्दी और भोजपुरी की १६ फिल्मों में भी काम किया है। इनकी आने वाली हिंदी फिल्म – डेढ़ लाख का दूल्हा ३० दिसम्बर से सम्पूर्ण भारत में प्रदर्शित होने जा रही है। राकेश मिश्र अभिनेता के अलावा लेखक, निर्देशक और निर्माता भी हैं। अपने प्रोडक्शन हाउस राधेश्यामा इन्टरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले फिल्म औरद्द वेबसीरीज का निर्माण करने जा रहे हैं जिसमें नई प्रतिभाओं को अवसर मिलने की सम्भावना है। छोटी–छोटी गांव और शहरों से उठकर आप सभी छोटे–मोटे कलाकारों को अवसर प्राप्त होगा।

## हाड़ कपां देने वाली ठंड में भी कस्बे में नहीं जल रहे अलाव

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–( हरदोई) : कई दिनों से पड़ रही भीषण सर्दी के बाबजूद पाली कस्बे में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से बाजार में एक भी अलाव नहीं जलाये जा रहे हैं। जिससे व्यापारी वर्ग काफी नाराज दिखाई दे रहा है। व्यापारी मुकेश मिश्रा, शकील, दिलीप मिश्रा,



संदीप कौशिक, आदि व्यापारियों का कहना है कि इस समय भीषण ठंड का प्रकोप चल रहा है,वहीं नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता के चलते बाजार में एक भी अलाव नहीं जलाये जा रहे हैं ।दुकानदारों का कहना है कि वह खुद निजी व्यवस्था करके अलाव जला रहे हैं जिससे भीषण सर्दी से बचा जा सके, जबकि प्रदेश सरकार की ओर से अलाव जलाने के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं। इसके बावजूद भी कस्बे के बाजार में एक भी अलाव नहीं जलाया जा रहा है। वहीं पाली की बाजार करने दूरदराज से आये ग्रामीण भी अलाव का सहारा ले लेते थे लेकिन इस बार की सर्दी में अलाव ना जलाये जाने से दूरदराज से आने वाले लोग भी परेशान दिखाई दे रहे हैं। नगर के व्यापारियों ने जिलाधिकारी से शीघ्र अतिशीघ्र अलाव जलाये जाने की मांग की है जिससे लगातार बढ़ रही भीषण ठंड से बचा जा सके। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद गोपालन का कहना है कि नगर के जिन निश्चित जगहों पर अलाव जलाये जा रहे थे वहां अलाव प्रतिदिन की भांति जल रहे हैं,यदि आवश्यकता पड़ी तो अन्य जगहों पर भी अलाव जलाये जाएंगे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर मैं सुखी होना चाहता हूं तो कोई मुझे दुखी नहीं कर सकता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## वैश्विक संकेतों पर निर्भर अर्थव्यवस्था : भारत का प्रदर्शन शानदार

भारतीय बाजार भी 2021 में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से गिर गया, पर वैश्विक बाजारों की तुलना में इसने बेहतर प्रदर्शन किया है। और दिसंबर 2022 में भारतीय शेयर बाजारों ने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

वर्ष 2022 वैश्विक बाजारों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साल है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से लेकर यूरोपीय सेंट्रल बैंक तथा भारतीय रिजर्व बैंक तक ने बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि की। बॉन्ड बाजार और शेयर बाजार, दोनों को सुधारों का सामना करना पड़ा। ऐसा बहुत कम होता है कि बॉन्ड और स्टॉक, दोनों में एक ही समय गिरावट आए, लेकिन 2022 में ऐसा हुआ। उभरते बाजारों के लिए संकट और ज्यादा था, क्योंकि अमेरिकी डॉलर अन्य मुद्राओं के मुकाबले मजबूत हुआ। भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों को इससे मुद्रास्फीति में तेजी की दोहरी खुराक मिली : पहले तेल की कीमतों में 120 अमेरिकी डॉलर/बैरल तक बढ़ोतरी और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट। इससे भारत में और अधिक मुद्रास्फीति बढ़ी, जिसके कारण रिजर्व बैंक ने आपातकाल की घोषणा की, और बार–बार ब्याज दर में बढ़ोतरी की। इस बीच, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर गिर गया।

कमोडिटी उत्पादकों और कमोडिटी निर्यातकों को छोड़कर उभरती बाजार की मुद्राओं का तेजी से मूल्यह्रास हुआ, इसके साथ कुछ देश कर्ज चुकाने में चूक के कारण डिफॉल्टर होने के कगार पर पहुंच गए। बहुत से देश अब अपने थोड़े से विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी कर्ज के बोझ के साथ बैठे हैं। इस परिदृश्य में, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा धन निकालने के कारण भारत को अन्य उभरते बाजारों के साथ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अक्तूबर 2021 से जून 2022 के बीच बाजार से लगभग 33 अरब डॉलर निकाले।

भारतीय बाजार भी 2021 में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से गिर गया, पर वैश्विक बाजारों की तुलना में इसने बेहतर प्रदर्शन किया है। और दिसंबर 2022 में भारतीय शेयर बाजारों ने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को फिर से हासिल कर लिया है। लेकिन जहां शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर को छू रहे हैं, वहीं अर्थव्यवस्था में मंदी देखी जा रही है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी पहली तिमाही के 13.5 फीसदी के मुकाबले घटकर 6.3 फीसदी रह गई है। यह मोटे तौर पर अपेक्षा के अनुरूप था, आधार प्रभावों के कारण गिरावट आई, जबकि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पहली तिमाही के 0.2 फीसदी से क्रमिक रूप से 1.4 फीसदी तिमाहीवार बढ़ी। कमजोर निजी खपत और औद्योगिक क्षेत्र के साथ उच्च निवेश और सेवाओं की भरपाई के साथ अंतर्निहित क्षेत्रीय वृद्धि मिली–जुली है।

भारत का विकास दर चक्र चरम पर है और व्यापक मंदी प्रक्रिया जारी है। हालांकि कम मुद्रास्फीति को आने वाले महीनों में निजी खपत बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। सख्त वित्तीय स्थितियों और कमजोर वैश्विक मांग के प्रभाव से निवेश और निर्यात, दोनों पर दबाव पड़ेगा, जबकि महामारी के बाद सेवा क्षेत्र में काफी हद तक पकड़ मजबूत हुई है। अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर मौजूदा वित्त वर्ष के सात फीसदी से घटकर छह फीसदी रह जाएगी। नवंबर में, विदेशी संस्थागत निवेशक फिर से भारतीय बाजारों में शेयर खरीदने लगे, जिससे 36,000 करोड़ रुपये का फंड आया। वैश्विक कारकों के चलते अल्पकालिक अस्थिरता के साथ भारतीय शेयर बाजार में तेजी अभी कुछ समय के लिए रहने वाली है।

बाजारों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या संकेत देता है? सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े उम्मीद के अनुरूप हैं। महामारी के बाद 'के' आकार की रिकवरी को देखते हुए उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में जीडीपी विकास की गति में और तेजी से कमी आएगी, क्योंकि ग्रामीण खपत और निजी क्षेत्र में निवेश की कमी के साथ–साथ वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के कारण निर्यात वृद्धि कम होने से जीडीपी पर असर पड़ेगा। त्योहार के मौसम में बंपर बिक्री के वास्तविक साक्ष्य के बावजूद खपत में वृद्धि और पुनरुद्धार चिंताजनक रूप से के–आकार का बना हुआ है, ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि काफी हद तक कम है, और उपभोक्ताओं की भावना महामारी से पहले के स्तर से नीचे है। नवंबर में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सुस्ती आने वाले महीनों में उपभोक्ता मांग में कमी की ओर इशारा करती है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी चुनौतीपूर्ण समय में प्रवेश कर चुका है, जैसा कि अक्तूबर और नवंबर में निर्यात (और आयात) में गिरावट से स्पष्ट है। सरकारी व्यय भी बहुत मौन और लक्षित रहा है। सख्त मौद्रिक परिदृश्य और वैश्विक आवेगों के कमजोर पड़ने के साथ सख्त राजकोषीय नियंत्रण के वातावरण में अगले वर्ष आर्थिक मंदी जैसी स्थितियां हो सकती हैं। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होगा, लेकिन मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में विकास दर में थोड़ी गिरावट आएगी। विभिन्न आर्थिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आने वाले दशकों में और अधिक मजबूत विकास की आवश्यकता है, जो फिलहाल चुनौतीपूर्ण लग रहा है। इस साल अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं–यूरोप से ब्रिटेन और अमेरिका तक मंदी की चपेट में रहेंगी, जैसा कि पहले की मंदी में हुआ था। घरेलू खपत आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था इन बाहरी झटकों को सह सकती है, लेकिन अंततः ये भारत में भी जीडीपी को धीमा कर देती हैं। इस बार भी ऐसा ही होगा। यदि वैश्विक मंदी हल्की और अल्पकालिक होगी, तो भारत तेजी से वापसी करेगा। लेकिन अगर यह तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली मंदी होगी, तो भारत भी इसमें फंस जाएगा।

न केवल निर्यात में गिरावट आने की आशंका है, बल्कि निवेश भी कमजोर रह सकता है। इसके अलावा, घरेलू वित्तीय स्थितियों को सख्त बनाने और कमजोर खपत के बुनियादी सिद्धांतों का भी कॉरपोरेट कमाई पर असर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार तो बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन जमीनी स्तर की आर्थिक वास्तविकता वैश्विक परिदृश्य पर निर्भर है, जो कुछ दरारें दिखा रही है। हमें अगले तीन महीने तक सतर्क रहना होगा, जब तक कि वैश्विक मंदी की स्पष्ट तस्वीर नहीं मिल जाती।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एसएमएस लखनऊ द्वारा ''आगमन–23'' का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्वागत की प्राचीन संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने नवागत विद्यार्थियों के लिए ''आगमन–23'' कार्यक्रम का आयोजन किया। नव प्रवेशित बालक–बालिकाओं को एक–दूसरे से परिचित कराने की मंशा से कई प्रतियोगिता के साथ–साथ सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। सचिव एवं सीईओ श्री शरद सिंह, निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा, महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. (डॉ.) भरतराज सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर प्रो. उद्घाटन के दौरान। संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यदि हमारे देश के बच्चे शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे तो शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वस्थ मस्तिष्क की नींव रखी जाएगी। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा ने कहा कि हमारे संस्थान ने 2008 से लगातार छात्रों को तकनीकी और प्रबंधकीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की है, जिससे वे विभिन्न क्षेत्रों में काम करके राष्ट्र निर्माण में




योगदान दे सकें। हमारा लक्ष्य इन नए विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देना है ताकि वे देश की सेवा भी कर सकें। प्रो. (डॉ.) भरतराज सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि कड़ी मेहनत के अलावा शिक्षा प्राप्त करने का कोई दूसरा तरीका नहीं है। संस्थान ने मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के लिए नए चेहरों के बीच सोलो सिंगिंग, सोलो डांसिंग, ग्रुप सिंगिंग, ग्रुप डांसिंग और रैंप वॉकिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में, जिसमें 2000 से अधिक छात्र शामिल थे, माहिम (पीजी) और सात्विक (यूजी) मिस्टर फ्रेशर और संजना (पीजी) और अंशिका (यूजी) मिस फ्रेशर प्रतिभागियों में से चुनी गईं।

## हिन्द मजदूर सभा का राज्य सम्मेलन एन0आर0एन0 यू मंडल कार्यालय चारबाग लखनऊ में सम्पन्न

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज हिन्द मजदूर सभा का राज्य सम्मेलन एन0आर0एन0 यू मंडल कार्यालय चारबाग लखनऊ में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन का उदघाटन करने हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री का0 हरभजन सिंह सिद्धू ने किया भारतीय खादय निगम के राष्ट्रीय महामंत्री एवं एच0एम0एस मंडल अध्यक्ष तारिणी कुमार पासवान जी ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री हिन्द मजदूर सभा के का हरभजन सिंह सिद्धू जी को रेलवे स्टेशन पर भारतीय खादय निगम श्रमिक संगठन के मजदूरों ने भारी संख्या में का0 हरभजन सिंह सिद्धू का भव्य स्वागत किया उक्त सम्मेलन में हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय कोशाध्यक्ष आर0 एस भोसले एवं हिन्द मजदूर सभा की राष्ट्रीय सचिव सु.श्री चम्पा वर्मा एवं राष्ट्रीय सचिव हिन्द मजदूर सभा के मुकेश गौरव एवं हिन्द मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं रेलवे के नेता शिवगोपाल मिश्रा व प्रदेश महामंत्री हिन्द मजदूर सभा के श्री उमाशंकर मिश्रा व उक्त सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के बृजेश पाठक ने भी सभा को सम्बोधित किया सभा को संबोधित करते हुए का0 हरभजन सिंह सिद्धू ने एफ0सी0 आई के मजदूरों को धन्यवाद दिया और कहा कि मेरी जहां भी जरूरत होगी मैं हमेशा वहां एफ0सी0 आई के मजदूरों के साथ खड़ा रहूंगा, और देश में सभी विभागों के मजदूरों की लड़ाई को लेकर का0 हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि 30 जनवरी 2023 को दस महासंगठनो ने दिल्ली में मीटिंग रखा है, जिसमें देश के सभी विभागों के मुद्दों को लेकर सरकार से लड़ाई लड़ी जाएगी। आप सभी मजदूरों का साथ चाहिए, सभा में भारी संख्या में अलग अलग विभागों के मजदूर उपस्थित रहे। अंत मे का0 हरभजन सिंह सिद्धू ने नव निर्वाचित अध्यक्ष शिवगोपाल मिश्रा को एवं नव निर्वाचित महामंत्री उमाशंकर मिश्रा की निर्विरोध चुने जाने पर बधाई दी। इस कार्यक्रम में मौजूद कानपुर से एच0एम0एस महामंत्री योगेश ठाकुर, रामभरोसे एल0आई0सी से राजबहादुर सिंह, बी0 के यादव, बिजली से रफीक अहमद, आर0एस मिश्रा, रेलवे से रामशंकर, नरेश यादव एवं एफ0सी0आई के कैलाश पासवान, सियाराम पासवान, विनोद उर्फ पप्पू, इंद्रदेव, कैलाश यादव,रूदल यादव, सिकन्दर, राजेश, रवि रंजन, चंदन सिंह, जितेंद्र, सौरव मिश्रा सहित एफ0सी0आई के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या राम नगरी में पथों की निर्धारित चौड़ाई के बाद ही बनेंगे छज्जा व सीढ़ी

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। श्री रामजन्मभूमि को जोड़ने वाले प्रमुख पथों पर छज्जा व सीढ़ी पथों के लिए निर्धारित चौड़ाई के बाद ही बनाए जाएंगे। यह निर्देश डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को पथों के चौड़ीकरण कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान एडीए टाउन प्लानर को दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय कर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रभावित दुकानदारों व भू–स्वामियों से उनकी समस्याओं और शंकाओं को गंभीरता के साथ सुनकर उनका समाधान किया। उन्होंने एडीए टीमों से घूम–घूम कर मुखौटा डिजाइन संबंधी दुकानदारों की शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिया। डीएम ने पावर कॉर्पोरेशन को घरों में नियमित बिजली आपूर्ति कराने की भी निर्देश दिया। भक्तिपथ व रामजन्मभूमि पथ में दो शिफ्टों में पर्याप्त मानव संसाधन लगाकर तीव्र गति से गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश दिया। उनके साथ एडीएम वित्त एवं राजस्व, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे। दुकान व मकान नहीं तोड़ने दे रहे मालिक साहबगंज मोहल्ले में स्थित लाला हनुमान दास जायसवाल ट्रस्ट के भवनों के किराएदारों ने राष्ट्रीय व्यापारी सेना के अध्यक्ष दीपक दुबे के नेतृत्व में सोमवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यापारियों का कहना है कि भवनों व दुकानों को चिह्नित किए गए भागों को तोड़ने से मालिक द्वारा रोका जा रहा है। जिससे हम सभी परेशान हैं। मांग की है कि साहबगंज स्थित लाला हनुमान दास ट्रस्ट के भवनों व दुकानों के चिह्नित किए गए हिस्से को तोड़ने का निर्देश जारी करें। जिससे दुकानदार, किराएदार नए सिरे से इसकी मरम्मत करा सकें। ज्ञापन देने वालों में शत्रुहन लाल, दिनेश यादव, अशोक सिंह, सत्यनारायण, राजेश, अंशुल यादव, रामजी यादव, अशोक आदि शामिल रहे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया बटरकप बंगलो बेकरी एंड कैफे की दूसरी शाखा का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बटरकप बंगलो बेकरी एंड कैफे की दूसरी शाखा का उद्घाटन गोमती नगर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर फाउंडर आरती वैद, सौंजय सिंघी, प्रदीप वैद, रश्मि वैद, डिजाइनर आसमा हुसैन, ब्यूरोक्रेट प्रवीण कुमार, बिजनेसमैन गोपाल अग्रवाल, सुधीर हलवासिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। फाउंडर आरती वैद ने बताया कि बटरकप बंगलो बेकरी एंड कैफे की शुरुआत 2014 में हुई थी।गोमती नगर में कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहे के निकट



दूसरी शाखा की शुरुआत की गई है।

## सार्वजनिक व निजी भूमि पर हो रहे जबरन निर्माण को पुलिस ने रोका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में खाली पड़ी सरकारी जमीन व एक व्यक्ति की भूमि में जबरन कराए जा रहे नवनिर्माण को पुलिस ने रोकवा दिया है। मौके से दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। कपसियां गांव निवासी महेंद्र यादव का आरोप है कि उनका गांव के ही चनरदेव से भूमि विवाद चल रहा है। मामला तहसील न्यायालय में बिचाराधीन है। बावजूद इसके सोमवार को बिपक्षी गण इकजुट होकर जबरन निर्माण कार्य करने लगे। उधर तिसौली गांव के प्रधान कृषचंद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही राजेन्द्र, उज्जवल और रामनारायण गांव की सरकारी जमीन में दीवार उठा अवैध कब्जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों जगहों पर कराए जा रहे नवनिर्माण को रोकवा दिया है।

## पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान हेतु हरदोई जनपद के अम्बरीष कुमार सक्सेना सम्मानित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक,अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय , अलीगढ में एआईसीपीईआरटी एकेडमिक अवार्ड समारोह–2022 का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद शफी बेग ने कुरान की तिलावत से की।चेयरमैन, एआईसीपीईआरटी, अलीगढ़, डॉ. मोहम्मद वसी बेग ने धन्यवाद ज्ञापन किया । मुख्य अतिथि पदम श्री जिल्लुर रहमान साहब ने सभी आयोजक, समन्वयक और सम्मानित पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि आरके यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमें प्रेरणा मिलती है। प्रो. अरशद उमर साहब, एआईसीपीईआरटी, अलीगढ़ को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। समन्वयक मोहम्मद मोहसिन खान साहब ने कहा कि हमारे पॉलिटेक्निक में सभी पुरस्कार विजेताओं को देखकर अच्छा लगा। डा. वसीफउल्लाह साहब ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन सफिया खानम ने किया। मिस्बाह, अमन, अस्मा परवीन, फातमा का सहयोग सराहनीय रहा। पुरस्कार पाने वालों में जहीरुद्दीन (नाइजीरिया), अल–हमूद (जॉर्डन), जैद (यमन), डॉ. वकार (इराक), नदीम अमायर (अमेरिका), कादरी (सऊदी अरब), यासिर इकराम (दुबई), शाहिद खान (ओमान), अतहर बेग (कतर), इस्लाम (स्वीडन), अब्दुल मलिक (सऊदी अरब), (यूनुस खान ,एनआईटीटीआर, चंडीगढ़), जन निसार अख्तर (एएमयू), गौतम (एनएसआईसी), डॉ. शालिनी कुमार ( नई दिल्ली),



डॉ. लामान समी (एएमयू), तनवीर (एमिटी यूनिवर्सिटी), डॉ. सलमान अली (नोएडा), साद हमीद (एएमयू), तनवीर (बिहार), जेबा (एएमयू), डॉ. लुबना कमाल (लखनऊ), डॉ. हारिस सिद्दीकी (इंटीग्रल यूनिवर्सिटी), डॉ. अंसार अंजुम (गलगोटिया यूनिवर्सिटी), प्रो. मुकीम (ए.सी.ई.एम), डॉ. पूरन सिंह (मथुरा), डॉ. हनीफ (लखनऊ), कमर आलम (कासगंज), शम्स उर रहमान (मुंबई) अमित कुमार (दोहरिया), डॉ. रऊफ (पश्चिम बंगाल), बबिता तिवारी (बिहार), रीता प्रसाद (मुरादनगर), हमीद खिजर (शाहजहांपुर), डॉ. आफताब आलम (जी.एफ. कॉलेज), सुदर्शन (मोदीनगर), अम्बरीष कुमार सक्सेना (हरदोई), शेख रियाज उद्दीन (मोहाली), मलिक (गाजियाबाद), मोहित (एनआईटीटीआर, चंडीगढ़) और नसीम नूरी, हिदायतुल्ला खान, संतोष, अहमद शेवन, हसनैन खान, सैयदा फातिमा, रोशन आरा, डॉ. नैला जिया, नसीम उस सहर, डॉ. एहतेशाम, रूमा परवीन, शफी बेग, आदि सभी अलीगढ़ और आसपास के इलाकों से है,कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय तराना के बाद राष्ट्रगान से हुआ।

## हैंगओवर नाइट्स के संग मनाए नए साल का जश्न

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : 31 दिसंबर का जश्न सिर्फ बनाइए हैंगओवर नाइट्स पार्टी के साथ साल के आखरी शानदार वेन्यू के साथ साहिल सोंधी का न्यू ईयर जश्न नई दिल्ली, 31 दिसंबर की रात कुछ लोग जहां नए साल का जश्न मनाने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन स्वरूप के बढ़ते मामलों को ध्यान में रख शहर के क्लब व होटलों ने भव्य समारोह नहीं करने का निर्णय लिया। हालांकि कुछ बार / क्लब ने 2022 को अलविदा करने की तैयारी की है। लेकिन यह ऑफर सिर्फ हैंगओवर नाइट्स पार्टी में ही देखने को मिलेगा। यहां फन एंड मस्ती के साथ न्यू इयर सेलिब्रेट किया जाएगा। ज्यादा भीड़ ना पहुंचे इसलिए लिमिट में सब कुछ ऑर्गेनाइज किया जाएगा। हैंगओवर नाइट्स पार्टी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि दिल्ली वालों के लिए हमने बुफे के साथ–साथ डीजे नाइट रखा है। जिससे हैंगओवर के फॉलोवर्स कोरोना प्रोटोकॉल के साथ न्यू ईयर का जमकर लुत्फ उठा सके। सहिल सोंधी ने कहा कि सीमित लोगों के कारण इस हैंगओवर नाइट्स पार्टी में सिर्फ दिल्ली वाले ही एंट्री कर सकते हैं बाहर के लोगो को पार्टी में ना आने के लिए साहिल सोंधी ने दिल्ली वालों की सुरक्षा के लिए बाहर के लोगो के लिए पार्टी में प्रतिबंध लगा दिया हैं। साहिल सोंधी का कहना हैं कि उनका वेन्यू Scooter lounge & bar साउथ दिल्ली में होगा,जो कि काफी आकर्षित होगा जिसमें कोरोना गाइडलाइन का खास ख्याल रखा जायेगा। साहिल सोंधी की न्यू ईयर पार्टी में उन्होंने काफी लोकप्रिय डांसर मॉडल को न्यौता दिया हैं जो कि न्यू ईयर की रात को काफी रंगीन बनाने वाली हैं। साहिल सोंधी ने हनी महाजन को बताया कि 31 दिसंबर की शाम 9:00 बजे डीजे, लाइट, स्नैक्स, ब्रांडेड दारू व लाइव म्यूजिक का लुत्फ दिल्ली वाले उठा सकते हैं। तो वही हैंगओवर नाइट्स के फॉलोवर्स का साहिल सोंधी कि पार्टी को लेकर कहना हैं कि यहां नए साल पर बेहतरीन पार्टी का आयोजन होता है और अगर आप चाहें तो आप भी इस पार्टी का हिस्सा बन सकते हैं। बेस्ट फूड, बेस्ट म्यूजिक और ऐल्कॉहॉलिक ड्रिंक्स के साथ यहां की पार्टी शहर की बेस्ट पार्टीज में से एक होती है। अगर आप नए साल का स्वागत दोस्तों के साथ मौज–मस्ती करते हुए, डांस करते हुए और अनलिमिटेड ड्रिंक्स के साथ करना चाहते हैं तो पहुंच जाइए हैंगओवर नाइट्स की पार्टी में। आपको बता दे साहिल सोंधी कि न्यू ईयर पार्टी के मद्देनजर काफी भीड़ होती है इसलिए बुकिंग पहले से करवाकर रखें। कही ऐसा ना हो आप साल के आखरी दिन हैंगओवर नाइट्स पार्टी के होस्ट साहिल सोंधी ओर अन्नू खत्री के साथ पार्टी करने का मौका खो बैठे।

## अखिलेश तिवारी ''डाली' ने किया जिले का नाम रोशन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले की मशहूर शायरा अखिलेश तिवारी ''डॉली'' को इस वर्ष की बेहतरीन गजल के लिए प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। तहजीब–ए–अवध फाउंडेशन लखनऊ के तत्वावधान में मुशायरा/कवि सम्मेलन महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें देश के बेहतरीन शायरों ने शिरकत की थी जिसमें सुल्तानपुर की शायरा अखिलेश तिवारी ''डॉली'' को इस दौर की बेहतरीन गजल जो उनके द्वारा पढ़ी गई आप मनसबदार हैं,हम आवाम हैं इस मुल्क के। मिट सके यह फासले,तो ही निजामत कीजिए।। इसी शेर पर प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। मुशायरे की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधांशु मणि,नवाब कम्बर कैसर(मेंबर उर्दू अकादमी) पंकज श्रींवास्तव डॉ अतहर सिद्दीकी नरेंद्र कनौजिया,डॉली तिवारी ने शमा रौशन कर के महफिल का आगाज किया। डॉली तिवारी ने पढ़ा–––चेहरे मजहब रिवाजें हैं जुदा तो क्या हुआ। हो लहू के रंग काले तो सियासत कीजिए। बलवंत सिंह ने पढ़ा वो घर मे भी तो हो सकता था अपने। कचहरी में जो समझौता हुआ है। सलमान जाफरी ने पढ़ा–नाराज एक पडोसी जनाजे मे आ गया। सिल्वट एक और मेरे कफन से निकल गई अमित हर्ष ने पढ़ा कूदकर साहिल से न डूबकर सफीने से मरेंगे हम थामकर तुझे लिपटकर तेरे सीने से मरेंगे सत्याधर ने पढ़ा अभी करीब से छूकर मुझे मुकम्मल कर। शब ए विसाल सहर तक का इंतिजार न दे। जानी लखनवी ने पढ़ा अजीब लोगों ये क्या तमाशा लगा हुआ है। जिसे जहाँ कह रहे हो वीरान हो गया तो।। अमीर फैशल ने पढ़ा इतनी मासूमियत मेरी आँखों मे थी. लोग मुझको रुलाते हुए रो दिये. हस्सास साहिर ने पढ़ा––किसी की याद



मे इतना जला हूं। रगों का खून काला पड गया है।। दावर रजा ने पढ़ा––करता है बादशाही गुलिस्ताँ में हर तरफ। महबूब तेरे पाओं का रौंदा हुआ गुलाब।। कामिल अमान ने पढ़ा––कुछ तबीयत ही थी शायराना मिरी कुछ तेरा हुस्न भी मिल गया शेर में।। फैज अहमद ने पढ़ा––मै अमल पर यकीन रखता हूं। झूठी बातें नही बनाता हूं।। तहजीब ए अवध फाउंडेशन के फाउंडर अमीर फैसल ने बताया कि प्रोग्राम का मकसद यही होता है कि जो युवा शायर/शायरा है उनकी प्रतिभा को निखार कर लोगों के सामने लाना।अमीर फैसल ने मौजूद श्रोताओं को मुखातिब करते हुए कहा कि ये रंग ए गजल सीजन 3 का सफल कार्यक्रम था. तहजीब ए अवध पिछले 8 सालो से साहित्य की सेवा मे लगी हुयी है और आप तक साहित्य पहुचाने की कोशिश कर रही है। मुशायरे की शदारत बलवन्त सिंह ने की।मुशायरे की निजामत युवा शायर अमीर फैसल ने की।

## साथी ही निकला हत्यारा : गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 330/2022 धारा 211/194/302/201/120बी भादवि व 3(2)ट एससी/एसटी एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर में साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त मो0 हाशिम पुत्र मो0 वाहीद निवासी रसूलपुर सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । घटना का संक्षिप्त विवरणः– दिनांक 02/12/2022 को थाना स्थानीय अन्तर्गत ग्राम मियापुर रोड़ पर अज्ञात अपाचे मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों द्वारा मो0 हासिम पुत्र मो0 वाहीद निवासी रसूलपुर सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर तथा उसके साथी हरिलाल पुत्र छब्बूलाल निवासी सबरहद उत्तरी बस्ती थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गोली मार देने की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें हरिलाल उपरोक्त की गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी, तथा मो0 हासिम उपरोक्त के दाहिने पैर के नीचे पिछले हिस्से में गोली लगी थी । मो0 हासिम की तहरीरी सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 330/2022 धारा 307/307/504/506/120बी भादवि बनाम मो0 राशिद अनवर एवं अन्य के पंजीकृत किया गया । परन्तु मृतक की पत्नी ने भी एक किता तहरीर बाद में प्रस्तुत किया जिसके आधार पर मृतक हरिलाल के अनुसूचित जाति के होने के कारण मुकदमा उपरोक्त में एस0सी0/एस0टी0 एक्ट की बढोत्तरी कर विवेचना श्रीमान क्षेत्राधिकारी शाहगंज महोदय द्वारा संपादित की जाने



लगी । साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में घटित घटना में नाटकीय मोड़ आया तथा अभी तक साक्ष्य संकलन से वादी मुकदमा मो0 हासिम द्वारा ही हत्या करने एवं अपने पैर मे गोली मार लेना प्रकाश में आया । विवेचना से सत्य बात प्रकाश में आयी कि हासिम उपरोक्त ने पुरानी रंजिश व दुश्मनी को लेकर अपने दुश्मनो से बदला लेने व हत्या जैसे प्रकरण में जेल भेजवाने के लिये नामित आरोपियों को अभियुक्त बनाया था और लोगों को शक न हो कि उसी ने हत्या जैसा जघन्य अपराध किया है, अपने ही पैर में स्वयं गोली मार लिया तथा स्वयं ही तहरीर देकर मुकदमे का वादी बन गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता– 1. मो0 हाशिम पुत्र मो0 वाहीद निवासी रसूलपुर सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 691/2017 धारा 452/323/504/506 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 244/2020 धारा 324/504/506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 330/2022 धारा 211/194/302/201/120बी भादवि व 3(2)ट एससी/एसटी एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री सदानन्द राय प्रभारी निरीक्षक शाहगंज जौनपुर। 2.का0 विनोद कुमार यादव,कां0 अंकुश कुमार सिंह,हे0का0 मनोज कुमार चौबे थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## अस्पताल जा रही प्रसुता ने एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : विकास क्षेत्र करंजाकला के पतहना गांव की एक प्रसूता ने अस्पताल जाते समय एंबुलेंस में बच्चे को जन्म दिया, एंबुलेंस पायलट और ईएमटी के इस नेक कार्य की लोगो ने सराहना की, पतहना गांव के निवासी राजकुमार की पत्नी आरती देवी को शनिवार शाम प्रसव पीड़ा उत्पन्न होने लगी परिजनों ने इसकी सूचना आपातकालीन एंबुलेंस डायल 102 पर दी, परिजनों की सूचना पर ईएमटी



प्रमोद कुमार द्विवेदी व एंबुलेंस पायलट संजय सिंह यादव एंबुलेंस लेकर गर्भवती महिला के घर पहुंचे, प्रसव पीड़िता स्वजनों के साथ एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला जा रहे थे रास्ते मे प्रसव पीड़ा तेज होने पर ईएमटी और एंबुलेंस पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए एंबुलेंस में ही प्रसव करा दिया, ईएमटी और एंबुलेंस पायलट की नेक कार्य की लोगों ने सराहना की और जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## वर्तमान समय के बच्चे ही देश का भविष्य–डॉ अब्दुल कादिर खान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हमाम दरवाजा स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल में क्रिसमस डे के अवसर पर वार्षिकउत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मोहम्मद हसन ग्रुप आफ कॉलेजेस के संरक्षक डॉ अब्दुल कादिर खान ने फीता काटकर किया। उत्सव में छात्र–छात्राओं ने अपनी कला एवंम प्रतिभा को प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम बच्चों के अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डांस शो,हास्य शो, तम्बोला एवं लकी ड्रा रहा। इसके अतिरिक्त लगभग अनेको तरह के व्यंजनों के स्टाल भी छात्र छात्राओं के द्वारा लगाए गए थे जिसे आने वाले लोगों ने बड़े उत्साह से खाने–पीने का लुफ्त उठाया इस कार्यक्रम के केजी के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने मनमोहक डांस प्रस्तुत किया जिसे अभिभावक द्वारा बहुत पसंद किया गया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्र–छात्राओं के विकास एवं उन्नति के लिए लाभदायक होता है छात्र इससे अपना शिक्षा के साथ–साथ सेवा का भाव भी जागृत करता है।इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिका ने छात्र छात्राओं के साथ मिलकर कार्यक्रम



को सफल बनाया अध्यापक एवं अध्यापकों में साधना सारिका,रानू,दीपिका,फातमा जहरा,शमा,दुर्गेश,समीर, अशीष इत्यादि शामिल रहे। प्रोग्राम के अंत में संस्था के डायरेक्टर डॉ जारिया जैनब ने आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया ।प्रधानाचार्य डॉ अलका गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी अध्यापक एवं अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए समापन किया।

## सिख गुरुओं के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता –गुरप्रीत सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को अमृत महोत्सव के तहत उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में गुरुगोविंद सिंह के साहिबजादे ''महान वीर एवं सर्वोच्च बलिदानी साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के अमर बलिदान को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी के मुख्य



वक्ता सरदार गुरप्रीत सिंह ने कहा कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने सिखों के धर्म परिवर्तन नहीं करने पर जो क्रूरता दिखाई उसे सुनकर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। गुरु तेग बहादुर सिंह का सिर कलम करने के बाद सिख गुरु गोबिंद सिंह के पास चल गए। इसके बाद मुगल सेना और गुरु गोविंद सिंह की सेना के बीच कई बार युद्ध हुए। लेकिन मुगल शासक ने धोखे से माता गुजरी देवी और उनके साहिबजादों ने मौत को गले लगा लिया लेकिन भारत मां का सिर नहीं झुकने दिया। उन्होंने कहा कि सरकार वीर बाल दिवस के अवसर पर हमें याद दिलाना चाहती है कि दश गुरुओं का योगदान क्या है, देश के स्वाभिमान के लिए सिख परंपरा का बलिदान क्या है! 'वीर बाल दिवस' हमें बताएगा कि भारत क्या है, भारत की पहचान क्या है। उन्होंने कहा, ''उस दौर की कल्पना करिए! औरंगजेब के आतंक के खिलाफ, भारत को बदलने के उसके मंसूबों के खिलाफ, गुरु गोविंद सिंह जी पहाड़ की तरह खड़े थे। जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब जैसे कम उम्र के निर्दोष बालकों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया, लेकिन उन्होंने उन आततायी मंसूबों को हमेशा के लिए दफन कर दिया।' संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो अजय प्रताप सिंह संचालन डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव और विषय प्रवर्तन डॉ मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो अजय द्विवेदी, प्रो. राकेश यादव, डॉ. रसिकेश, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, पुनीत धवन, रामांशु सिंह, पुनीता मौर्या, डॉ.धीरेंद्र चौधरी, अमित मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में आम आदमी पार्टी जौनपुर द्वारा किया गया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी जौनपुर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया यह यह प्रशन इसलिए किया गया क्योंकि 25 दिसम्बर को आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला मीडिया प्रभारी व बेनकाब भ्रष्टाचार न्यूज (BBN) के ब्यूरो चीफ पत्रकार अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) एवं पार्टी के ऑटो प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी ई रिक्शा चालकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के संदर्भ में प्रदर्शन करने के लिए रिपोर्ट लगवाने एवं अनुमति जानकारी के संदर्भ में थाना लाइन बाजार गए हुए थे। यहां थाना लाइन बाजार पर थाना प्रभारी (SHO) एव टी.डी कॉलेज चौकी प्रभारी उपस्थित थे। अनुमति के नाम रिपोर्ट ना लगाने पर लाइन बाजार थाना अध्यक्ष (SHO) एवं टी. डी. कॉलेज चौकी प्रभारी ने मिडिया प्रभारी द्वारा विडिओ बनाने पर गुस्सा होकर आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी एवं पार्टी के ऑटो प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को अनर्गल तरीके से लॉकअप में बंद कर दिया गया था और जिसके पश्चात लॉकअप के अंदर पार्टी के मीडिया प्रभारी व पत्रकार अतुल तिवारी को थाना प्रभारी लाइन बाजार (SHO) एवं टीडीकॉलेज चौकी प्रभारी द्वारा मारा पीटा गया और बहुत ही अभद्र मां बहन की गाली भी दी गई आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी राज सभा सांसद संजय सिंह को भी अभद्र वाणी का प्रयोग करते हुए आम आदमी पार्टी और वरिष्ठ नेताओं को गाली दी गई साथ में पुलिस अधिकारियों द्वारा पत्रकारों को अभद्र चीजें कही गई और मीडिया प्रभारी को धमकी भी दी गई कि अगर आम आदमी पार्टी को नहीं छोड़ोगे तो तुम्हारे खिलाफ 10KG गाजा एवं अन्य धाराओं में F.I.R. कर तुम्हारा जीवन खराब कर देंगे और भी बहुत धमकी दी गई । और घटना के 1 दिन पहले प्रभारी द्वारा आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के साथ भी मोबाइल द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था। इसी संदर्भ में आज आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए ई रिक्शा चालकों के समर्थन में कुछ मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन और अनुमति न देने पर एवं अवध विहार करने पर मीडिया प्रभारी द्वारा वीडियो बनाए जाने पर थाना लाइन बाजार थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी लाइन बाजार थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी टीडी कॉलेज द्वारा खुले आम आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी को मारपीट कर मोबाइल छीन कर अनर्गल तरीके से



लॉकअप में बंद किया और ऑटो प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी को भी लॉकअप में बंद किया गया उसी संदर्भ में उसी संदर्भ में जनपद के जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम पर ज्ञापन भी उस समय में मौजूद संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को दिया गया जिसके पश्चात पुलिस अधिकारी ने घटना की निंदा करते हुए आश्वासन दिया कि घटना की पूरी जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपरोक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल हुए जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) , महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा, प्रांत सचिव रघुवंश यादव, जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, ऑटो प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महिला जिला वंदना मिश्रा, जिला महामंत्री अवधेश यादव, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरी, इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष शिव नारायण सिंह मुन्ना ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि थानाध्यक्ष लाइन बाजार एवं चौकी प्रभारी टीडी कॉलेज को बर्खास्त किया जाए अन्यथा आम आदमी पार्टी जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी क्योंकि यह घटना बहुत ही निंदनीय है कि पुलिस अधिकारी द्वारा एक राष्ट्रीय पार्टी के मीडिया प्रभारी व पत्रकार को लॉकअप में बंद कर कर मारा पीटा गया और धमकी भी दिया गया इसके लिए हम जिला प्रशासन व शासन से अपील करते हैं कि जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए संबंधित अधिकारी के खिलाफ । 371 विधानसभा जफराबाद के निवासी आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि मैंने वीडियो सिर्फ इसलिए बनाया क्योंकि मुझे यह पहले से संदेह था कि जो कार्य इन्होंने मेरे साथ वीडियो पकड़े जाने के बाद वीडियो को बंद करके किया है वह घटना या पहले भी कर सकते थे अब भविष्य में मेरे साथ कभी भी कोई भी अनहोनी होती है या कोई भी घटना घटित होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वर्तमान समय के थानाध्यक्ष लाइन बाजार एवं टीडीकॉलेज चौकी प्रभारी की होगी। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला महासचिव विनोद कूमार प्रजापति द्वारा कीया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनिता मिश्रा, एवं पार्टी के प्रांत सचिव रघुवंश यादव, तथा ऑटो प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी एवं पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

## कबीरूद्दीनपुर गांव में चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना : नकदी सहित लाखों के जेवर चोरी कर हुए चंपत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबिरुद्दीनपुर गांव में चोरों ने रविवार की रात जमकर तांडव मचाया तथा एक ही रात चार घरों से हजारों रुपए नकदी तथा लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। अगले दिन परिवार के लोगों की नींद खुलने पर घटना का पता चलने पर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची डायल यूपी 112 तथा गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस देर तक अंधेरे में हाथ पैर मारती रही। बता दें कि रविवार की रात चोरों ने सबसे पहले इंदिरा राय पत्नी स्वर्गीय अरविंद राय के घर को निशाना बनाया तथा सामने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे तथा अलमारी में रखे 25 हजार नगद 1 अंगूठी, सोने की चेन, सोने की दो चूड़ी, दो सोने के ब्रेसलेट तथा चांदी के कई जेवर उठा ले गए। तत्पश्चात चोरों ने अगला निशाना धर्मराज गौड़ के घर को बनाया तथा छत के रास्ते आंगन में घुसकर कमरे में रखे 10 हजार नगद एक मंगलसूत्र, चांदी की दो पायल उठा ले गए। इसके पश्चात चोरों ने इसी गांव के उमेश यादव के घर को निशाना बनाया तथा सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन तथा चांदी के कुछ जेवर उठा ले गए। साथ ही साथ अलमारी में रखे 15 हजार नगद भी निकाल लिए। अंत में चोरों ने फूलचंद सोनकर के घर को निशाना बनाया तथा वहां से 10 हजार नगद तथा चांदी के कई जेवर लेकर चंपत हो गए। गांव में चोरों की सूचना पर थाने के सब इंस्पेक्टर रमा संकर पांडेय फोर्स के साथ गांव में पहुचे और काफी देर तक छानबीन किये। इस चोरी के मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर प्राप्त हो गयी है। कुछ अहम सुराग भी लगे है। जल्द ही इस घटना को अंजाम देने वाले चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## साधन सहकारी समिति दुगौली मुफ्तीगंज में वर्षों से बन्द रहता है ताला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खण्ड के साधन सहकारी समिति दुगौली मुफ्तीगंज में वर्षों से त।ला बन्द पड़ा है जिससे यहाँ के किसानों को यूरिया डाई मुहैया नही हो पा रही है ।क्षेत्र के किसानों में परविंदर यादव ,अखिलेश यादव , राम सहाय ,शम्भू नाथ राय , जेपी यादव , सुनील पांडेय ,कमला यादव आदि ने बताया कि जब जब धन व गेंहू की बुवाई आती है तब तब इस साधन सहकारी समिति दुगौली पर यूरिया व डाई नदारद रहती है क्षेत्र के किसान औने पौने दाम पर प्राइवेट दुकानों से लेने के लिए विवश होते है । फोन से एडीओ कोआपरेटिव अनिल गुप्त से बात करने पर उन्होंने बताया कि आर केवाई फंड न मिलने पर सचिव खरीद्दारी नही कर पा रहे है क्षेत्र के सात साधन सहकारी समिति में 5 चल रही है जिसमे दो साधन सहकारी समिति मूर्तजाबाद व दुगौली को फंड न मिलने के कारण वहाँ पर उर्वरक उपलब्ध नही हो पाया । एडीओ कोआपरेटिव ने बताया कि साधन सहकारी दुगौली मुफ्तीगंज पर सचिव न होने के कारण फंड नही मिल पाया यदि कोई सचिव चार्ज लेता है तो फंड मुहैया कराने के लिए शासन को लेटर लिखा जाएगा जिससे यह साधन सहकारी समिति सुचारू रूप से चल सके।

## कस्बे से लेकर गांवों तक झोलाछाप की भरमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डॉक्टर धरती के भगवान कहे जाते हैं कोई भी बीमारी होने पर डॉक्टर ही याद आते है और विश्वास होता है कि डॉक्टर के पास जाएंगे तो ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब डॉक्टर को ही पूर्ण जानकारी न हो तो निश्चित ही इलाज करवाने में डर लगेगा।स्थानीय तहसील क्षेत्र में तो झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है। जगह–जगह यहां झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक खुले हुए व बाइकों में बैग टांगकर बेखौफ इलाज के नाम पर ठगी करते नजर आते हैं। हर गली मुहल्लों में झोलाछाप डॉक्टर साहब के क्लीनिक मिल जाएंगे। जहां बिना कोई डिग्री लिए फर्जी डॉक्टर बनकर मरीजों को इलाज के नाम पर रकम ऐंठने व उनके जीवन से खिलवाड़ करते बड़ी आसानी से भाडे की दुकान में एक तख्ते पर नीचे बोतले टंगी देखने को मिल जाएंगे, लेकिन चल रहे ऐसे क्लीनिकों पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ती। आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि मामूली बीमारी को भी ये लोग गंभीर बनाकर अपने से टग वाले निजी अस्पतालों में भर्ती करवाकर मोटा कमीशन भी लेते हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो जब भी इन झोला–छाप डॉक्टरों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है तो लिखा पढ़ी कर लौट आती है। बाद में मोटी रकम लेकर मामला रफा–दफा कर पुनः मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का लाइसेंस दे दिया जाता है।अगर निजी नर्सिंग होम की जांच की जाए तो एक भी नर्सिंग होम मानक के अनुसार नही मिलेंगे। नगर में तो कुछ ऐसे भी अस्पताल है। जो दूसरे चिकित्सकों के नाम पर लाइसेंस लेकर अपना नर्सिंग होम व एनआईसीएओ चला रहे हैं। और नौनिहालों के साथ खेलवाड कर रहे हैं। शाहगंज में अगर जांच किया जाए तो एक भी अस्पताल मानक के अनुरूप नही मिलेंगे। लेकिन उच्चाधिकारी इस मामले में मूक दर्शक बन कर तमाशा देख रहे हैं।

## कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का किया अधिकारी ने निरीक्षण : प्रशिक्षुओं को शत–प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का कौशल विकास मिशन जौनपुर जिला योजना एवं निगरानी इकाई के मैनेजर शिवम सिंह ने सोमवार को निरीक्षण किया सविश्वविद्यालय कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजकुमार द्वारा कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना द्वारा आयोजित इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस इन्सुरेंस सेक्टर में माइक्रोफाइनेंस 27–27 के 4 बैच को प्रारंभ करना है स इन दोनों सेक्टर में प्रशिक्षित सभी अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा स यह पाठ्यक्रम 5 माह की अवधि तक चलेगा स प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशुक्षुओं को ड्रेस एवं ट्रेनिंग कीट निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा अपने ही जिले में रोजगार के 100% अवसर प्राप्त होंगे स यह दोनों प्रशिक्षण विश्वविद्यालय तथा पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन भदोही के बीच हुए समझौते के अंतर्गत संचालित होंगी स पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन के एक केंद्र के रूप में यह ट्रेनिंग संचालित रहेगी। नोडल अधिकारी द्वारा पूर्व से चल रही सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग के बारे में संज्ञानित किया कि अभी तक विश्वविद्यालय परिसर के आसपास की 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है स वर्तमान में 30–30 के दो बैच संचालित है जिसमें 60 महिलाओं तथा बालिकाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी जा रही है । इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही है कौशल संवर्धन तथा रोजगार की मुहिम को आगे बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय के आसपास के ग्रामीण लोगों को उसका लाभ प्रदान करना है।

## जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर क्षेत्र के सात विद्यालयों में बच्चे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सात विद्यालयों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। दरअसल, हाईटेंशन तार विद्यालय के ऊपर से गुजरने के कारण हमेशा हादसे का डर बना है। प्राथमिक विद्यालय मित्तूपुर, प्राथमिक विद्यालय डकहॉ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुर कला, प्राथमिक विद्यालय पलिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिसिरपुर, प्राथमिक विद्यालय कुशियाबहार और प्राथमिक विद्यालय चेतरहां में विद्यालय कैम्पस से हाईटेंशन तार गया है। उक्त विद्यालयों में कही भवनों के ऊपर से तो कही खेलकूद मैदान के ऊपर से हाईटेंशन तार गए हैं। अभिभावकों को हमेशा डर सताता है कि कभी कोई हादसा न हो जाये। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुये विद्यालय परिसर व भवन के ऊपर से गये हाईटेंशन के तार को हटाना अत्यंत आवश्यक है। प्राथमिक विद्यालय पलिया में पढ़ने वाले बच्चे के अभिभावक नागेंद्र प्रसाद प्रजापति कहते है कि बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय भवन व खेलकूद के मैदान के ऊपर गये बिजली के तार को हटवा देना चाहिए। जिससे कभी कोई हादसा न हो सके।

## कायाकल्प की टीम ने सीएचसी के कार्यों का किया मूल्यांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायाकल्प अवॉर्ड योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्रियाकलापों का मूल्यांकन किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के एमडी एमडी द्वारा नामित भदैया सुल्तानपुर सीएससी के अधीक्षक डॉक्टर आरपी सिंह अर्ज फाउंडेशन के प्रबंधक जितेंद्र पांडे ने स्वास्थ्य केंद्र के रखरखाव ,साफ सफाई , संक्रमण से बचाव के उपाय, चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन ,तथा सभी स्टाफ के कार्य एवं उत्तरदायित्व से संबंधित क्रियाकलापों का मूल्यांकन किया। टीम से नामित अधीक्षक डॉक्टर आरपी सिंह ने बताया कि मूल्यांकन रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजा जाएगा। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ संजय दुबे डॉ अरविंद पांडे, डॉक्टर के त्रिपाठी डा0 श्रीमती लकी शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार मौर्य तथा कुमार गौरव सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## सरकार के गड्ढामुक्त अभियान में अफसरों की अनदेखी : बनते ही उखड़ गई सड़क : ग्रामीणों ने किया विरोध

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार के गड्ढामुक्त अभियान में अफसरों की अनदेखी से ठेकेदार किस तरह इस योजना में पतीला लगा रहे है इसकी नजीर हरिहरपुर, भूला, करनपुर, केवटली ,नाभीपुर, बोधिपट्टी संपर्क मार्ग को देखने से मिलती है। जहां सड़क बनने के मात्र दो सप्ताह में ही डामर सड़क की परतें उखड़ने लगीं। कई सालों बाद बनी सड़क को एक बार फिर खस्ताहाल देख ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई वर्षों बाद यहां के बाशिंदों को गड्ढायुक्त सड़क से मुक्ति मिली थी, लेकिन घटिया निर्माण की वजह से एक बार फिर उन्हें गड्ढों से जूझना पड़ रहा है।बताते चले कि हरिहरपुर से नभीपुर तक करीब 3 किलोमीटर सड़क खराब थी । इस सड़क को लोक निर्माण विभाग ने गड्ढा मुक्त अभियान के तहत चयनित किया था।लाखो रुपये की लागत से 3 किलोमीटर मार्ग का चयन विशेष मरम्मत के लिए चयन हुआ था निर्माण कार्य शुरू होते ही इसमें गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे थे, लेकिन अनदेखी की वजह से ठेकेदार जल्दबाजी में घटिया काम कर सड़क का निर्माण पूरा कर दिया। सड़क में कई जगह फिर से गड्ढे हो गए है। सड़क के अगल बगल की गिट्टी भी उखड़ने लगी है। सड़क की स्थिति देख स्थानीय ग्रामीणों के सब्र का बांध फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क में विरोध प्रदर्शन कर सड़क के निर्माण कार्य की जांच की मांग की। ग्रामीण सत्येंद्र मिश्र डॉक्टर, राहुल, कुलभूषण, पूर्व प्रधान अशोक मिश्रा अन्य उपस्थित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है। इस बाबत पूछे जाने पर पीडब्ल्यूडी के बदलापुर जेई आद्यशक्ति राय का कहना है कि ऐसी कोई सड़क का निर्माण पैच का मामला हमारे संज्ञान में नहीं है। मामला संज्ञान में आया है जांच करता हू निर्माण को गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा।

# रोडवेज बस यात्री नहीं कर रहे कोविड नियम का पालन : डीआएम रोडवेज सख्ती से करायेगे पालन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) चीन में बढ़ते कोरोना केसों के चलते भारत में भी डर देखा जा रहा है।सरकार बैठकें कर रही हैं और लगातार हालात की निगरानी की जा रही है।इसी बीच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी नागरिकों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है।वही रोडवेज बस से यात्रा करने वाले सभी यात्री मुंह पर न तो मास्क लगाये हुये दिखाई दे रहे थे और न ही किसी के हाथ में सेनिटाइजर दिखा।इन यात्रियों ने बताया कि हम क्यों मास्क लगाये क्योंकि कोरोना नहीं बल्कि एक तरह का अफवाह है। जबकि जिलाधिकारी नितीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ सभी लोगों को कोरोना संक्रमण से बचने के लिये कोविड नियम का पालन करने के लिये अपील किया है।परंतु यहां पर रोडवेज कर्मचारियों के साथ साथ यहां से बस यात्रियों पर उनके नियम के आदेश का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।परंतु इस संबंध में सहायक



प्रबंधक रोडवेज महेश कुमार ने रोडवेज कर्मचारियों व यहां से यात्रा करने वाले बस यात्रियों से अपील किया है कि वे सभी कोविड नियम का पालन करें। सभी रोडवेज कर्मचारी व बस यात्री मास्क व सेनीटाइजर का प्रयोग करें व सामाजिक दूरी बनाये रखे।

# रामपथ निर्माण में अब तक 74 करोड़ 19 लाख से ज्यादा का किया जा चुका है भुगतान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अयोध्या को भव्य स्वरूप प्रदान करने तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के दृष्टिगत श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रमुख संपर्क मार्गो यथा रामपथ (सहादतगंज से नया घाट) राम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक) तथा भक्ति पथ (श्रृंगारहाट से राम जन्मभूमि पर तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य मंडल आयुक्त गौरव दयाल तथा जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में तीव्र गति से चल रहा है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि रामपथ (सहादतगंज से नया घाट) के चौड़ीकरण हेतु अब तक 627 बैनामे हो चुके हैं, इन बैनामों में शामिल 936 व्यक्तियों को 47 करोड़ 53 लाख 90 हजार 218 रुपए भूमि का प्रतिकर उनके खाते में प्रदान की जा चुकी है तथा इससे प्रभावित 1631 दुकानदारों/पुनर्वासन प्राप्त व्यक्तियों को 26 करोड़ 65 लाख 48 हजार 279 रुपए की धनराशि उनके खाते में प्रदान की जा चुकी है। इस प्रकार सहादतगंज से नया घाट तक चौड़ीकरण मार्ग के निर्माण में प्रतिकर एवम् पुनर्वासन हेतु संबंधित दुकानदारों/भू–स्वामियों के खाते में कुल 74 करोड़ 19 लाख 38 हजार 497 रुपए भेजी जा चुकी है। राम पथ के निर्माण संबंधी कार्यों को तीव्र गति से किए जाने के दृष्टिगत पूरे मार्ग में जे.ई., लेखपालों व तहसीलदार की 10 टीमें सर्वे कार्य हेतु लगाई गई हैं। टीमों को कोऑर्डिनेट करने के लिए पांच एसडीएम व तीन एडीएम भी लगाए गए हैं। पूरे मार्ग में तीव्र गति से मार्ग के निर्माण संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इसी के साथ ही अयोध्या विकास प्राधिकरण की पांच टीमों द्वारा फसाड डिजाइनिंग का प्रारूप भू–स्वामियों एवं दुकानदारों को दिया जा रहा है तथा उन्हें निर्धारित फसाड के अनुरूप दुकानों एवं भवनों का निर्माण करने हेतु समझाया/प्रेरित किया जा रहा है पूरे मार्ग में प्रभावित भूस्वामियों व दुकानदारों द्वारा सहमती के आधार पर तोड़फोड़ का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है तथा विभिन्न दुकानदारों एवं भू स्वामियों द्वारा अपने अपने भवनों का निर्माण निर्धारित फसाड डिजाइन के अनुरूप प्रारंभ कर दिया है। उक्त पथों से सबंधित सभी कार्यों का मंडल आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा नियमित पर्यवेक्षण एवम् अवलोकन किया जा रहा है तथा समय–समय पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

# अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट का 8 जनवरी 2023 को होगा वार्षिक उत्सव समारोह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आगामी 8 जनवरी 2023 को अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट का वार्षिक उत्सव समारोह शहर के सिविल लाइन स्थित होटल शाने अवध के सभागार में आयोजित किया जाएगा या निर्णय अयोध्या धाम ट्रस्ट की बैठक शहर के मोती बाग स्थित आभा होटल के सभागार में संपन्न हुई बैठक में लिया गया। वार्षिक उत्सव समारोह की जानकारी देते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि बैठक में वार्षिक उत्सव समारोह की सफलता के लिए ट्रस्ट के संरक्षक राम बहल जी को संयोजक बनाया गया है बैठक में यह भी तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक क्षेत्रों में वर्षों से सेवा कार्य करने के लिए 4 लोगों को ट्रस्ट अयोध्या अलंकार से सम्मानित करेगा जिस के चयन के लिए ट्रस्ट के संस्थापक संरक्षक निरंकार अग्रवाल को चयन समिति का संयोजक तथा ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक भज्जा उपाध्यक्ष सचिन सरीन रितु राठौर तथा कोषाध्यक्ष एकता टंडन को समिति का सदस्य बनाया गया है तथा अतिथियों के स्वागत के लिए ट्रस्ट की 11 महिलाओं की एक समिति का भी गठन किया गया है बैठक में यह भी तय किया गया कि अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव मंजूर खान के द्वारा ऐतिहासिक व सराहनीय कार्य करने के लिए उन्हें अयोध्या सम्मान से नवाजा जाएगा श्री महिंद्रा ने बताया कि स्टेज की सुंदरता की जिम्मेदारी ट्रस्ट की सचिव श्रीमती नीलम श्रीवास्तव उपाध्यक्ष ऋतु सिंह राठौर सुश्री शशि रावत श्रीमती रेखा विश्वकर्मा श्रीमती विजेता जयसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है महिंद्रा ने बताया कि वार्षिक उत्सव समारोह में अयोध्या अलंकार से सम्मानित होने वाले चार लोगों के नाम की घोषणा आगामी 1 जनवरी को किया जाएगा तथा समारोह में सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाली संस्थाओं अधिवक्ता डॉक्टर प्रोफेसर शिक्षक व्यापारी छात्र चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया जाएगा वार्षिक उत्सव समारोह 8 जनवरी 2023 दिन रविवार प्रातः 11:00 बजे से होटल शाने अवध के सभागार में आयोजित है बैठक में प्रमुख रूप से शामिल होने वालों में ट्रस्ट के संस्थापक संरक्षक निरंकार अग्रवाल ट्रस्ट के संरक्षक व कार्यक्रम संयोजक राम बहल जी संरक्षक प्रीतम सिंह महामंत्री प्रतीक भज्जा कोषाध्यक्ष एकता टंडन उपाध्यक्ष कवींद्र साहनी ट्रस्ट की सम्मानित सदस्य व के टी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम सिंह उपाध्यक्ष सचिन सरीन उपाध्यक्ष ऋतु सिंह राठौर सचिव मंजूर खान पवन जयसवाल संजय सरीन शशि रावत आरती शुक्ला विक्रम प्रताप सिंह विभूति कुमार श्रीवास्तव श्रीमती रेखा विश्वकर्मा सचिव आशीष कौर सचिव श्रीमती सुचिता भल्ला अवधेश कुमार शुक्ला उमेश चंद्र जी श्रीमती मीना श्रीवास्तव शामिल थे बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा तथा संचालन ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक भज्जा किया।

# भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक तहसील रुदौली में संपन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रुदौली तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक आवश्यक बैठक की गई जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा रहे। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा उपजिलाधिकारी रुदौली को ज्ञापन भी सौंपा गया उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव ने किसानों के बीच जाकर बैठकर चर्चा करते हुए बिंदुवार समस्याओं को सुना तथा ज्ञापन भी लिया और उन्होंने बताया किसानों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण शीघ्र से शीघ्र किया जाएगा। बैठक में आवारा छुट्टा पशुओं को गौशाला में अभिलंब भेजना, मानक के अनुरूप चीनी मिल रौजागांव से किसानों को गन्ना तौल पर्ची दिलाना व तौल में 36 कुंटल पर्ची पर 110 कुंटल व 63 कुंटल पर्ची पर 140 कुंतल तौल कराई जाए जिससे गेट किसानों का इंडेंट प्रभावित न हो। वीडियो मवई को निर्देशित करके ग्राम नेवरा निवासी ननकऊ पुत्र रामदास का परिवार रजिस्टर दुरुस्त कराया जाए। चौकी प्रभारी सुजागंज द्वारा रामा देवी पत्नी भुलई का उत्पीड़न रुकवा कर न्यायालय श्रीमान आयुक्त महोदय अयोध्या मंडल के द्वारा पारित स्थगन आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। सैदपुर चौकी इंचार्ज द्वारा प्रार्थिनी नीलम व उसके पति को दी जा रही धमकी को संज्ञान लेकर रोका जाए व उसके परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विभिन्न कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जाए गरीबों व पात्रों में सरकारी कंबल वितरण कराया जाए, सरकारी जमीनों से दबंगों का अतिक्रमण अभियान चलाकर हटवाया जाए। आपात्रों का नाम काटकर पात्रों का नाम राशन कार्ड में जोड़ा जाए जिससे वास्तविक जरूरतमंद लोगों को सरकारी मदद मिल सके।बैठक में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडे, जिला सचिव भोला सिंह टाइगर, नितेश सिंह जिला मीडिया प्रभारी, कामता प्रसाद वर्मा वरिष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष मवई, राजकुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष मवई, रवि शंकर पांडे तहसील अध्यक्ष रुदौली, रामू विश्वकर्मा ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली, राजकुमारी महिला ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली, रमाकांत मिश्रा, मीना देवी, विवेक तिवारी, वेद प्रकाश गौतम सहित तमाम किसान संगठन के पदाधिकारी व संगठन के लोग मौजूद रहे।

# नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अराजक तत्वों से निपटने को तैयार महिला पुलिस – निशा शुक्ला

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नव वर्ष पर अराजक तत्वों से निपटने के लिये महिला थाना पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।इस दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिये महिला पुलिस पर्याप्त संख्या में महिला थाना पर मौजूद है।यह जानकारी महिला थाना प्रभारी निरीक्षक निशा शुक्ला ने दी।उन्होंने बताया कि इस समय उनके थाना पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती है।उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में उप निरीक्षक पद के सापेक्ष एक उप निरीक्षक की तैनाती है।जबकि 2 हेड कांस्टेबल के सापेक्ष एक हेड कांस्टेबल की तैनाती है।वही इसी कड़ी में 38 महिला कांस्टेबल के सापेक्ष 52 महिला कांस्टेबल की तैनाती इस थाना पर है। कुल मिलाकर इस थाना पर मानक के मुताबिक पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती है।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज व अन्य उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर बीच बीच जहां एक ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने का काम किया जाता है वही बीच में मिशन शक्ति अभियान के तहत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों व गांवों के साथ साथ विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व लड़कियों को सुरक्षा के प्रति



जागरूक किया जाता है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग पांच दर्जन से अधिक पति पत्नियों को मिलाकर उनके परिवार को टूटने से बचाया गया है।वही जो मामले दहेज व महिलाओं के प्रताड़ना से संबंधित मामले थाना पर आये तो जांच रिपोर्ट सही पाये जाने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उनका मुख्य लक्ष्य 31 दिसम्बर व 1 जनवरी रहेगा।इस दिन अराजक तत्वों पर उनकी पैनी नजर रहेगी। इसके लिये अभी से अराजक तत्वों से निपटने के लिये अलग अलग टीमो का गठन किया जा रहा है।इस टीम में सादी वर्दी में महिला पुलिस भी शामिल रहेगी।इसके अलावा वर्दी में मे भी महिला पुलिस की तैनाती रहेगी।जो वर्ष के आखिरी दिन व नव वर्ष पर शहर के विभिन्न चौराहों,पार्कों, उद्यानों, गुलाब बाड़ी, गुप्तारघाट,होटल,रेस्टोरेंट सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात रहेगी।इस दौरान जो भी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई पड़ता है तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आयेगी।

# रामपथ चौड़ीकरण को लेकर यातायात पुलिस ने रिकाबगंज – नियावा संपर्क मार्ग का किया रुट डायवर्जन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामपथ के चौड़ीकरण को लेकर शहर के सभी जगहों पर तोड़ फोड़ जारी है।तोड़ फोड़ के इसी कड़ी में सोमवार को यातायात पुलिस ने रिकाबगंज चौराहा – नियावा संपर्क मार्ग को अवरूद्ध कर रुट को डायवर्जन किया था। इस संबंध में यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि इस समय रामपथ के चौड़ीकरण को लेकर इस समय शहर में तोड़फोड़ कार्य चल रहा है।इस दौरान शहर वासियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिये सोमवार को रिकाबगंज नियावा चौराहा संपर्क मार्ग का रुट डायवर्जन किया गया है।जिसके चलते सोमवार की सुबह से ही वे अपने यातायात पुलिस कर्मियों के साथ रिकाबगंज चौराहे पर वाहन चालकों को रुट डायवर्जन के बारे में बताते हुये दिखाई दे रहे थे।इस मौके पर उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुये दिखाई दे रहे थे कि जो वाहन चालक रोडवेज बस स्टेशन से नियावा चौराहा की ओर जाना चाहते हैं वे सभी सिविल लाइन चौराहा होकर बड़ा डाकखाना हुये नियावा की ओर जाये।वही इसी कड़ी में उन्होंने रिकाबगंज चौराहे पर जहां एक ओर जेब्रा



क्रासिंग या फिर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा। इस मौके पर उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि वे जब भी अपने घरों से निकले तो वाहन से संबंधित कागजात अवश्य रखें। वही दो पहिया वाहन चालक हेलमेट व चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। जिससे वाहन चेकिंग के दौरान आप पुलिस कार्यवाही से बचें।

# घर मे जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोतवाली रूदौली पुलिस ने घर मे जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली आशुतोष मिश्रा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूदौली देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामराज चौधरी ने पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम भेलसर में एक घर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रामराज चौधरी ने अपने हमराहियों के साथ भेलसर गांव पहुंचकर एक मकान में जुआ खलते हुए मोहम्मद शाहिद उर्फ कल्लू पुत्र मोहम्मद सलीम,दिनेश कुमार पुत्र राम कुमार व सुभाष पुत्र पन्नालाल निवासी भेलसर को रंगे हाथों पकड़ लिया।जुआ खेल रहे फड़ से 2670/– रूपये और ताश के 52 पत्ते एक गमझा बरामद हुआ।पकड़े गए अभियुक्तों की जामा तलाशी लेने पर 680 रुपये व एक मोबाइल बरामद किया गया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामराज चौधरी,का0 कुलदीप सिंह,अजय यादव व सूर्यभान भारती शामिल रहे।पकड़े गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध रूदौली कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 588/2022 धारा 3/4 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को जेल भेजा दिया गया।

# अयोध्या सांसद सहित कई विधायकों ने गवर्नर को भेजे शिकायती पत्र

अयोध्या संवाददाता सुरेंद्र कुमार।अयोध्या(मिल्कीपुर) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में गंभीर अनियमितताओं को लेकर सांसद अयोध्या लल्लू सिंह सहित जालौन जनपद के उरई विधानसभा विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं बिठूर के विधायक अभिजीत सांगा ने प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति को शिकायती पत्र भेजकर विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा की गई अवैध नियुक्तियों को विश्व विद्यालय प्रबंध परिषद से अनुमोदित ना होने देने के साथ–साथ जांच कराए जाने की मांग की है। बताते चलें कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा विद्यालय के अधीन पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय तथा कृषि महाविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि ज्ञान केंद्रों पर विभिन्न पदों हेतु नियुक्तियों का विज्ञापन निकालकर आवेदन पत्र प्राप्त किए थे तथा विज्ञप्तियों के अनुसार विभिन्न पदों हेतु कार्मिकों की नियुक्ति भी कर ली गई है। इधर विभिन्न पदों हेतु आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए आवेदन पत्रों को उच्च अंक एवं विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडल मिलने के बावजूद भी नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल ही नहीं किया गया। इसकी शिकायत अभ्यर्थियों द्वारा प्रदेश के राज्यपाल सहित राजनीतिक महारथियों से की गई। जिसका संज्ञान लेते हुए अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने बीते 11 दिसंबर को प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति को एक पत्र प्रेषित करते हुए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में अनियमितताओं के निराकरण की बात कही उन्होंने कुलपति का ध्यान आकृष्ट किया कि विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा सत्र 2021–22 में मेरे विज्ञापनों द्वारा प्राप्त हुए अभ्यर्थियों के आवेदन में वह गोल्ड मेडल प्राप्त अभ्यर्थियों के आवेदनों को स्क्रीनिंग के समय ही छोड़ दिया गया तथा जिन लोगों ने उत्कोच दीया उन लोगों को टेस्ट और साक्षात्कार में अंक देकर नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी हैं और वर्तमान में भी की जा रही है, शेष नियुक्तियों को आने वाली प्रबंधा परिषद की बैठक में प्रस्ताव, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किए जाने के साथ ही पूर्व में हुई नियुक्तियों की पुष्टि एक प्रस्ताव भी इसी बैठक में प्रस्तावित है। जो एक उच्च स्तरीय जांच का विषय है। उधर जालौन जनपद के उरई विधानसभा विधायक एवं कानपुर बिठूर के विधायक अभिजीत सांगा ने भी प्रदेश के राज्यपाल एवं अपर मुख्य सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर उपरोक्त अनियमितताओं की गहन जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। यही नहीं कृषि विश्वविद्यालय में हुई अनियमितताओं का मामला विधान परिषद में भी गूंज गया है। विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी कृषि विश्वविद्यालय में के वी के एक्रिप नार्थ, के जी के, के मूल रूप से वैज्ञानिकों की नियुक्ति, एस एम एस को यूजीसी वेतनमान, पदनाम और कैरियर एडवांसमेंट स्कीम का लाभ दिए जाने पर सवाल पूछ लिया है। उधर विश्वविद्यालय सूत्रों का कहना है कि नियुक्तियों को लेकर शासन स्तर पर जांच शुरू है तथा शिकायतों से संबंधित पत्रावलियों को जांच कमेटी द्वारा तलब भी कर लिया गया है।

# पांच आरोपियों को चोरी के डीजल व शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) थाना कैंट पुलिस पुलिस ने सोमवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से डीजल व शराब बरामद किया।थानाध्यक्ष कैंट रतन कुमार शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को सहादतगंज के पास से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनकी पुष्टि रिजवान पुत्र बाबू निवासी बड़ा दरवाजा थाना वजीर गंज जनपद गोण्डा,राजू गोस्वामी उर्फ बाबा पुत्र पारसराम निवासी गोशाई का पुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, ताज मोहम्मद पुत्र गफ्फार निवासी चन्दा पुर थाना वजीर गंज जनपद गोण्डा के निशानदेही पर गद्दोपुर फ्लाई ओवर के पास से अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र राम सजीवन निवासी पलिया लोहानी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या, को हाईवे पर खड़ी गाडियों के डीजल चोरी व अवैध रूप से हरियाणा आयातित अग्रेजी शराब रखने व घटना में प्रयुक्त वाहन की नम्बर प्लेट को फर्जी तरीके से बदलने के अपराध में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किये गये आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का डीजल खरीदने व बेचने वाले अभियुक्त मनीष जायसवाल पुत्र श्रीराम जायसवाल निवासी बारून बाजार थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया।पुलिस ने इनके पास से लीटर डीजल अलग अलग गैलनो,80 शीशी हरियाणा मार्का रायल स्टेज (180 मिली),35 शीशी यू पी मार्का रायल स्टेज (180 मिली) अंग्रेजी शराब ,एक पिकअप यू पी 42 टी 8899,एक सफेद कार डस्टर यू पी 62 ए आर 3950के अलावा 2250 रुपये तथा डीजल चोरी के प्रयोग में होने वाले उपकरण के साथ साथ डीजल मापने का एक गेज बरामद किया।

# कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार ड्रेस कोड में दिखे एनसीसी के छात्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में नेशनल कैडेट कोर के पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होने के बाद पहली बार एनसीसी के छात्र–छात्राएं ड्रेस कोड में ट्रेनिंग करते नजर आए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह एनसीसी की ट्रेनिंग के दौरान निरीक्षण करने पहुंचे और कई टिप्स दिए। यह छात्र–छत्राएं एनसीसी के साथ–साथ अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे।इस अवसर पर बोलते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा की विश्वविद्यालय में एनसीसी यूनिट खुलने से जहां एक तरफ विश्वविद्यालय की रैंकिंग में इजाफा होगा तो वहीं दूसरी तरफ इसका लाभ पढ़ाई करने वाले छात्र–छात्राओं को भी मिलेगा।डा. बिजेंद्र ने कहा कि एनसीसी में हिस्सा लेने वाले छात्रों को पैराग्लाइडिंग, डिसास्टर मैनेजमेंट व फर्स्ट एड जैसी कई चीजें सिखाई जाएंगी जिससे की कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों में काम आएंगी। हर क्षेत्रों में काम करने के लिए एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन व आत्मनिर्भरता के महत्व के साथ–साथ कैंप के लिए अलग–अलग स्थानों पर छात्रों को घूमने का भी अवसर मिलेगा। कृषि विश्वविद्यालय में एनसीसी का प्रभार डॉ नवीन को दिया गया है। डॉ नवीन ने बताया कि विश्वविद्यालय में एनसीसी के शुरू होने से छात्रों में खुशी व्याप्त है। सप्ताह में शनिवार व रविवार को एनसीसी की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग देने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से दो ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। जिसमें एक महिला व एक पुरुष ट्रेनर शामिल है।राष्ट्रीय कैडेट कोर अनुशासित और देश भक्त नागरिकों में देश के युवाओं को संवारने में लगे हुए सेना, नौसेना और वायु सेना, जिसमें एक त्रिकोणीय सेवा संगठन है। कैडेटों को छोटे हथियारों और परेड में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, कर्मचारी, शिक्षक सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 2 किलो 150 ग्राम अवैध गाजा के साथ दो आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय तथा क्षेत्राधिकारी महोदय मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन में उ0नि0 कमलेश कुमार मय टीम द्वारा दो आरोपी को अवैध गाजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। सोमवार को करीब पौने छः बजे मुखबिर खास की सूचना पर मुंगरा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण प्रकाश व छग्गू निवासीगण गोविन्दासपुर को नगर के गजराजगंज तिराहा से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 150 ग्राम नाजायज गाँजा बरामद किया हैं । थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि ये काफी शातिर किस्म के अपराधी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, उ0नि0 कमलेश कुमार, का0 अनूप सिंह, का0 सन्तोष कुमार यादव आदि शामिल रहे।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।